पुलिस लाइन में लाठीचार्ज, आंसू गैस छोड़ी...

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 दिसंबर. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह के निर्देश पर आज शुक्रवार को दोपहर के समय पुलिस लाइन ग्वालियर में बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया, इस

बलवा ड्रिल का अभ्यास पुलिस बल को मानसिक रूप से मजबूत व दक्ष बनाता है : एसएसपी

अभ्यास का उद्देश्य कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने या किसी अप्रत्याशित परिस्थिति में पुलिस बल की तत्परता एवं सामूहिक कार्रवाई की दक्षता बढ़ाना था। इस दौरान पुलिस बल को दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न रणनीतियाँ, भीड़ को नियंत्रित करने के तौर-तरीके और आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएँ सिखाई गईं।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने उपस्थित मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि यह पुलिस की नियमित एक्सरसाइज है और जब कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है तब उसमें कुछ असामाजिक तत्व भी आ जाते हैं, इन लोगों से किस प्रकार निपटा जाए इसके लिए आज पुलिस लाइन ग्वालियर में जिले के समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया है। इस अभ्यास में बलवा ड्रिल के संसाधनों का बखूबी इस्तेमाल कर बहुत ही अच्छा बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया है जो पुलिस बल को मानसिक रूप से मजबूत बनाएगा। इस प्रकार का अभ्यास करते रहने से कभी भी ऐसी स्थिति निर्मित हो तो उसका सामना प्रभावी व दक्षता से किया जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा बलवा ड्रिल से पूर्व तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया।

बलवा ड्रिल अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और दंगाईयों पर एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों को चला कर अभ्यास कराया। इस दौरान पुलिस की विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियंत्रण के लिए अमल में लाए जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास कराया गया। पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल के दौरान आधे पुलिसकर्मी दंगाई बने और आधे पुलिसकर्मी बलवा किट में तैनात थे। जैसे ही दंगाई बने पुलिसकर्मियों ने पथराव और उपद्रव शुरू किया तो पुलिसकर्मियों ने पहले बैरीकेड से इन्हें रोका, जब अनियंत्रित हो गए तो अश्रु गैस के गोले छोड़े। करीब ढाई घंटे तक चले इस अभ्यास में पुलिस बल ने अत्यंत अनुशासन और समन्वय का परिचय दिया। मॉक ड्रिल के माध्यम से बल को हर स्थिति में शांति, संयम और तत्परता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी गई।

यह रहे मौजूद

बलवा ड्रिल अभ्यास के दौरान अति. पुलिस अधीक्षक(पूर्व) श्रीमती विदिता डागर, अति. पुलिस अधीक्षक (मध्य/यातायात) श्रीमती अनु बेनीवाल, अति. पुलिस अधीक्षक (पश्चिम/अपराध) श्रीमती सुमन गुर्जर, सहित समस्त सीएसपी/एसडीओपी तथा थानाप्रभारीगण अपने थाना बल के साथ सम्मिलित हुए। डीएसपी (मुख्यालय) रोबिन जैन, एसडीओपी बेहट मनीष यादव, सीएसपी मुरार अतुल सोनी, सीएसपी ग्वालियर कृष्ण पाल सिंह, एसडीओपी डबरा सौरभ कुमार, डीएसपी महिला सुरक्षा श्रीमती शिखा सोनी, प्रशिक्षु डीएसपी अन्नपूर्णा सिरसाम, रक्षित निरीक्षक ग्वालियर रणजीत सिंह सिकरवार, सहित समस्त थाना प्रभारीगण एवं पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

VIT भोपाल विवि ने शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 'कॉलेज चलो अभियान' का आयोजन किया

नवभारत न्यूज

सीहोर, 19 दिसंबर. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप VIT भोपाल विश्वविद्यालय द्वारा 18 दिसंबर 2025 को शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 'कॉलेज चलो अभियान' का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों के प्रति जागरूक करना था।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से कक्षा 12 के विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर संरचित एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया, विभिन्न विषयों में उपलब्ध करियर विकल्पों, छात्रवृत्ति अवसरों तथा संस्थागत सुविधाओं एवं सहायता प्रणालियों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम में आयोजित संवादात्मक सत्रों एवं मार्गदर्शित चर्चाओं के माध्यम से

महाविद्यालय प्रवेश एवं करियर योजना से संबंधित सामान्य जानकारियों की कमी को दूर किया गया, जिससे विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक निर्णय आत्मविश्वास के साथ लेने में सहायता मिली। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों से सीधे संवाद किया और उच्च शिक्षा से जुड़े प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत किया।

VIT भोपाल विश्वविद्यालय में आयोजित कॉलेज चलो अभियान ने विविध पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को समयोचित मार्गदर्शन एवं जागरूकता प्रदान करते हुए उच्च शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया। यह कार्यक्रम स्वीकृत ढांचे के अंतर्गत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें आयोजन टीम के समन्वित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।यह पहल विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक जीवन के अगले चरण के लिए ज्ञान, दिशा एवं अवसर प्रदान करने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हुई।

ग्वालियर में दो लाख से अधिक लोग करेंगे एक साथ ध्यान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 दिसंबर. 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर विश्व के विभिन्न देशों के करोड़ों लोग एक साथ ध्यान करेंगे। यह वैश्विक ध्यान आयोजन 'एक विश्व, एक हृदय' की भावना के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मानसिक शांति, करुणा, सामूहिक चेतना और मानव एकता को सशक्त करना है। यह जानकारी हार्टफुलनेस संस्था के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता कर दी।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि यह वैश्विक ध्यान कार्यक्रम हार्टफुलनेस के वैश्विक मार्गदर्शक एवं रामचंद्र मिशन के

अध्यक्ष दाजी के मार्गदर्शन में, हार्टफुलनेस के वैश्विक मुख्यालय एवं विश्व के सबसे बड़े ध्यान केंद्र कान्हा शांति वन (तेलंगाना) से संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति, तेलंगाना के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री मुख्य कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। दो लाख से अधिक लोग वर्चुअल माध्यम से ध्यान करेंगे। ध्यान शिविर 21 दिसंबर को रात्रि 8 बजे, ऑनलाइन और ऑफ लाइन होगा।

मध्य प्रदेश सहित पूरे देश से लाखों साधक यूट्यूब के माध्यम से आयोजित नि:शुल्क वैश्विक ध्यान सत्र में जुड़ेंगे। प्रेस वार्ता में बिंदू सिंघल, रुस्तम सिंह गुर्जर, आर्यन शर्मा, आभा गुप्ता व अन्य प्रशिक्षक भाई बहन डॉ तथा स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे।

इनका कहना हैं...

हार्टफुलनेस संभागीय समन्वयक अर्चना शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि वे विश्व ध्यान दिवस पर करोड़ों लोगों के साथ एक साथ ध्यान कर इस वैश्विक पहल का हिस्सा बनें। उन्होने बताया कि ध्यान शिविर 21 दिसंबर को रात्रि 8 बजे, ऑनलाइन और ऑफ लाइन होगा। केवल 20 मिनट का यह ध्यान मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवन दृष्टि की दिशा में प्रभावी है। हार्टफुलनेस सभी के लिए है। हार्टफुलनेस ध्यान अभ्यास युवा, विद्यार्थी, पेशेवर एवं समाज के सभी वर्गों के लिए उपयुक्त है और वर्तमान में 160 से अधिक देशों में नि:शुल्क रूप से संचालित हो रहा है। इस शिविर में भाग लेने के लिए पंजीकरण कोई भी नागरिक ऑनलाइन कर सकते हैं।

-दिनेश चाकणकर,जिला योग प्रभारी

रात्रि में भ्रमण पर निकले सीएमएचओ, चिकित्सक को नोटिस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 दिसंबर. कलेक्टर ग्वालियर श्रीमती रुचिका सिंह चौहान के निर्देशन में स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन किया जा रहा है इसी तारतम्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर डॉक्टर सचिन श्रीवास्तव रात को जिला चिकित्सालय (जच्चा खाना मुरार) ग्वालियर में औचक निरीक्षण करने पहुंचे, निरीक्षण के दौरान उन्हें प्रसूता वार्डों में चद्दर धुले हुए नहीं मिले जिस पर उन्होंने ड्यूटी स्टाफ को निर्देशित किया कि भविष्य में सभी मरीजों को धुले हुए चद्दर एवं कम्बल उपलब्ध करायें, उन्होंने कहा कि सर्दियों में किसी भी मरीज एवं अण्टेडर को किसी भी तरह की

कोई समस्या न हो ,अगर भविष्य में धुले चद्दर ,कम्बल एवं साफ - सफाई का अभाव पाया गया तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव एसएनसीयू में भी पहुंचे जहां उन्होंने भर्ती बच्चे मरीजों की केसशीटो को चेक किया जिसमें उन्होंने पाया कि जो चिकित्सक दोपहर में ड्यूटी पर थे उन्होंने मरीजो की केसशीट पर नोट्स नहीं डाले जिस पर सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने नाराजगी जताई एवं सम्बंधित चिकित्सक को नोटिस देने के निर्देशन दिये, उन्होंने उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक एवं सभी कर्मचारी अपनी- अपनी यूनीफार्म में ड्यूटी पर रहें ताकि यह पहचाना जा सके कि कौन चिकित्सक है एवं कौन कर्मचारी हैं।

साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी/ कर्मचारी समय पर अपनी ड्यूटी पर आयें एवं ड्यूटी समय पूरा होने पर ही घर जायें इसका विशेष ध्यान रखा जाए , रात्रि भ्रमण के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी -2 डॉ प्रबल प्रताप सिंह भी उनके साथ थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर डॉक्टर सचिन श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि वह रात्रि में आगे भी नियमित भ्रमण करेंगे।

गिट्टी व डस्ट के अवैध परिवहन में लिप्त दो डम्फर जब्त

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 दिसंबर. ग्वालियर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर गई खनिज विभाग की टीम ने बिजौली क्षेत्र में छापामार कार्रवाई कर गिट्टी व डस्ट के अवैध परिवहन में लिप्त दो डम्फर जब्त किए हैं। प्रभारी जिला खनिज अधिकारी घनश्याम सिंह यादव ने बताया कि जब्त किए गए दोनों डम्फर पुलिस थाना बिजौली की अभिरक्षा में खेड़े कराए गए हैं। साथ ही इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

जादूगर दीप कुमार ने इन्द्रजाल एवं माइम मैजिक दिखा दर्शकों को अचंभित किया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 दिसंबर. 19 दिसम्बर शाम से माधव मंगलम पैलेस (नियर ताज ऊषा किरन पैलेस) नदी गेट चौराहा ग्वालियर

पहले ही शो से छा गए जादूगर दीप कुमार , दर्शकों के सिर चढ़ कर बोला जादू

पूर्व विधायक सतीश सिकरवार एवं महापौर शोभा सतीश सिकरवार ने दीप प्रज्वलित कर जादू शो का उद्घाटन किया

में जादूगर दीप कुमार के विश्व प्रसिद्ध इंद्रजाल शो का भव्य आगाज़ हुआ। शो का शुभारंभ ग्वालियर पूर्व विधायक सतीश

सिकरवार जी एवं ग्वालियर महापौर शोभा सतीश सिकरवार ने दीप प्रज्वलित कर किया । शो के दौरान जादूगर ने ढेर सारे नवीनतम जादू दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया और प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने लगा। जादू शो देखने के बाद लोगों ने कहा कि ऐसा नजारा बहुत ही कम देखने को मिलता है। जिसे हम अपने पूरे परिवार के साथ एक साथ बैठ कर देख सकते हैं एवं जादूगर दीप कुमार के वर्षो की ,कला साधना, विज्ञान के प्रचार प्रसार और सामाजिक हित में चलाए जाने वाले उनके मैजिक की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि ग्वालियर के लोगों को एक अच्छा कार्यक्रम दिखाने के लिए हम आभार व्यक्त करते हैं और हर शो हाउसफुल हो यही शुभकामनाएं देते हैं. विश्व के महानतम शोमैन द्वारा सभी दर्शकों को रोमांचित और आनंदित करने का दौर। कभी लड़की को मंच पर बुलाकर 10 फीट हवा में उड़ाया तो कभी सुंदर सी लड़की को 4 पार्ट में कर के दिखाया, तो कभी खूंखार गोरिल्ला बनाकर सभी को हतप्रभ कर दिया. कई हास्य भरे जादुई करतबों पर खूब ठहाके लगे तो दुनियां के सबसे जबरदस्त माइम मैजिक शो दखा कर जादूगर ने सभी को चकित कर दिया। यह शो कई जन संदेशों से भरा था जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहे, अपराध ना करें, जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों ने बेहद सराहा. शनिवार से यहां ऐसे ही अचरज मे डाल देने वाले रोजाना दो शो , 3 बजे एवं संध्या 6 बजे से दिखाए जाएंगे, रविवार को 3 शो दिखाया जाएगा 12 बजे, 3 बजे एवं संध्या 6 बजे । जिसका टिकट हॉल पर सुबह 10 बजे से मिला करेगा, ऑनलाइन टिकट एडवांस मे भी लिया जा सकता है। जादू शो आयोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हमारा जादू शो शुक्रवार शाम को शुरू हुआ है जो कि अभी लगातार चलेगा

शहर के बीचों-बीच 'कचरे वाला नाला' बना मुसीबत

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर, 19 दिसंबर। काशीपुरा-त्यागी नगर बॉर्डर पर स्थित एक विशाल नाला इन दिनों क्षेत्र के निवासियों के लिए जी का जंजाल बन गया है। सफाई

काशीपुरा और त्यागी नगर के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर

व्यवस्था के अभाव में यह नाला अब 'कचरे वाले नाले' के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। लंबे समय से सफाई न होने के कारण नाला कचरे और गाद से पूरी तरह पट चुका है, जिससे उठने वाली दुर्गंध ने स्थानीय लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि अगले कुछ दिनों में कार्रवाई नहीं हुई, तो वे नगर निगम कार्यालय का घेराव करेंगे।

गंदगी और बीमारियों का अंबार

हालात यह हैं कि नाले का गंदा पानी कभी भी सड़क पर ओवरफ्लो हो जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर निगम और संबंधित प्रशासन को कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। बारिश के मौसम में यह समस्या और भी विकराल हो जाती है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

यह हैं लोगो की प्रमुख मांगें

लोगों ने नाले की तत्काल मशीन द्वारा गहरी सफाई कराने। नाले के किनारों पर पक्की दीवार या जाली लगाने ताकि कचरा अंदर न गिरे। क्षेत्र में नियमित फागिंग और सैनिटाइजेशन करने जैसी प्रमुख मांग उठाई है।

स्थानीय लोगों में नाले को लेकर भारी गुस्सा, बोले...

क्षेत्र की इस दुर्दशा को लेकर स्थानीय संभ्रांत नागरिकों और श्रेत्र के लोगों में भारी रोष देखा जा रहा है। गजेंद्र पुरोहित ने कड़े शब्दों में प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा, 'हम टैक्स भरते हैं लेकिन बदले में हमें सिर्फ बदबू और बीमारियां मिल रही हैं। अगर जल्द ही इस नाले की गहरी सफाई नहीं हुई, तो हम सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

सुनील तिवारी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि, प्रशासन केवल कागजों पर सफाई अभियान चला रहा है। धरातल पर इस नाले की स्थिति देखकर कोई भी कह सकता है कि यहाँ महीनों से कोई सफाईकर्मी नहीं आया है।

सुनील पाठक ने भी तीखे तेवर अपनाते हुए कहा कि, काशीपुरा और त्यागी नगर के बॉर्डर पर रहने वाले लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

रमेश पंडित का कहना हैं कि इस नाले की वजह से हमारे बच्चों और बुजुर्गों का स्वास्थ्य दांव पर लगा है। शासन-प्रशासन की यह अनदेखी अब बर्दाश्त से बाहर है।

ग्वालियर दक्षिण विधानसभा की कार्यशाला आज

ग्वालियर 19 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर ग्वालियर दक्षिण विधानसभा की कार्यशाला का आयोजन 20 दिसंबर, शनिवार, दोपहर 11 बजे, मुरली गार्डन, गोल पहाड़िया पुलिस चौकी के सामने आयोजित होगा। कार्यशाला में केबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, वरिष्ठ नेता वेदप्रकाश शर्मा, जयसिंह कुशवाह प्रमुख रूप मौजूद रहेंगे। कार्यशाला में ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के बीएलए-2, बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मंडल कार्यकारिणी सदस्य, पार्षदगण, जिला पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी तथा समस्त मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के जिला व प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

सीसीटीवी कैमरे में गोली मारने की धमकी, विरोध में बंद हुई दाना ओली

ग्वालियर। आज रात दाना ओली के ओम जी फेनी फर्म के व्यापारियों के साथ हुई मारपीट के बाद रात्रि में ही आरोपियों द्वारा दुकानों ओर घर पर पथराव कर सीसीटीवी कैमरों में गोली मारने की धमकी दी गई। गोली मारने की धमकी देने वाले बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हो गए हैं। मामला कोतवाली थाने का है। इसके विरोध में आज सुबह से दाना ओली का व्यस्त बाजार बंद रहा.

कार्यालय आयुक्त नगर पालिक निगम ग्वालियर

क्रमांक 68/22/4/11/फायर — ग्वालियर दिनांक 19/12/2025

विज्ञप्ति

R.O. क्र. 772 दि. 19/12/25

सर्व संबंधित इच्छुक ऑथराइज्ड निर्माता/डिस्ट्रीब्यूटर/डीलर को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, ग्वालियर फायर ब्रिगेड विभाग द्वारा 200 नग हॉज पाइप क्रय किये जाने हेतु एम.पी. टेण्डर पोर्टल पर ई-निविदा आमंत्रित की गई है, विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	विषय	निविदा राशि	धरोहर राशि	टेण्डर फार्म राशि	टेण्डर क्रय की अंतिम तिथि	टेण्डर नं.
01.	Supply of Fire hose 15 meter in Length type 3 (covered) Binded with Gun Metal couplings, 63 mm instantaneous type File No. 68/22x4/11	2013760/-	15104/-	5000/-	05/01/2026	2025_UAD_469878_1

इच्छुक व्यवसायीगण अपने ई-टेण्डर ऑनलाईन निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत करने हेतु ऑनलाईन वेबसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से ई-टेण्डर क्रय कर सकते हैं।

फायर ऑफीसर
नगर निगम ग्वालियर

कार्यालय नगर पालिका परिषद् गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)

Add-Fort Road, Ward No.14. Gohad, District Bhind (M.P)
Email: -cmogohad@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./स्व.शाखा/2025/3500 — गोहद, दिनांक 11.12.2025

संक्षिप्त ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत पंजीकरण व्यवस्था के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों/एंजेसी/फर्म से ई- टेण्डरिंग के माध्यम से निकाय के वाहनों के लिए टायर क्रय करने के कार्य हेतु टेण्डर क्रमांक 2025_UAD_467813_1 प्रकाशन दिनांक 25.12.2025 सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर एवं कार्यालयीन समय में संबंधित शाखा में देखी जा सकती है। निविदा में किया गया कोई भी संशोधन ऑनलाइन ही किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन नही किया जायेगा। कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर ही देखी जावे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् गोहद
जिला भिण्ड म.प्र.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95